जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/891 दिनांक 01/04/2013

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
सम्बद्ध शिक्षा महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय– एम.एड. (सत्र 2011–12) की परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की बाह्य परीक्षा संपन्न कराने विषयक्।

महोदय,

उपर्युक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि एम.एड. (सत्र 2011–12) की परीक्षा संपन्न हो चुकी है, जिसका परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्रताशीघ्र घोषित किया जाना है। इस हेतु संबंधित शिक्षा महाविद्यालयों के प्राचार्यों को सूचित किया जाता है कि वह 15 दिवस के अन्दर बाह्य (प्रेक्टीकल) परीक्षा संपादित कराकर उसके अंक ऑनलाइन भेजने की व्यवस्था करें। साथ ही परीक्षार्थियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली **DISSERTATION** भी विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

इस हेतु विभिन्न शिक्षा महाविद्यालय विश्वविद्यालय की परीक्षा संबंधी वेबसाइट पर बाह्य परीक्षा के अंक अपडेट करने से पूर्व शिक्षा महाविद्यालय निम्नानुसार ऑनलाइन प्रक्रिया का पालन करना सुनिश्चित करेंः–

1. सर्वप्रथम, महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थी ने जिस विषय में परीक्षा दी है, उसी विषय को 'अपडेट एक्जाम फार्म' आप्सन में सिलेक्ट करें तथा प्रेक्टीकल विषयों के पेपरकोड भी अनिवार्य रूप से चयनित करें।

2. यदि छात्र ने परीक्षा देते समय विषयों में परिवर्तन किया है तो इसकी सूचना विश्वविद्यालय कार्यालय के परीक्षा विभाग में अनिवार्य रूप से दें और 'अपडेट एक्जाम फार्म' आप्सन में जाकर परीक्षार्थी के विषयों के नाम दुबारा सही अपडेट कर दें।

2. परीक्षा फार्म अपडेट करने के उपरांत 'जेनरेट प्रेक्टीकल/सेशनल मार्क्स' ऑप्सन में जाकर एम.एड. कक्षा सिलेक्ट करें और 'प्रोसीड' बटन को दबायें। उसके बाद स्क्रीन पर 'सेशनल/प्रेक्टीकल मार्क्स जेनेरेटेड' लिखा आ जायेगा, इससे आपकी समस्त विषयों की विषयवार सूची जेनरेट हो जायेंगी।

3. समस्त परीक्षार्थियों के ऑनलाइन अंक विषयवार सूची में अपडेट करने के उपरांत 'क्लासवाइज प्रेक्टीकल/सेशनल मार्क्स' ऑप्सन में जाकर परीक्षार्थी के भरे गये सम्पूर्ण अंकों को देख लें कि छात्र के किसी विषय में अंक अपडेट करने से रह नहीं गये हों।

4. महाविद्यालय द्वारा भरे गये अंकों का प्रिन्ट आउट निकाल कर एक बार पुनः चैक कर लें कि किसी छात्र के अंक गलत तो नहीं भर गये हैं। गलत भरने की स्थिति में 'अपडेट प्रेक्टीकल/सेशनल मार्क्स' आप्सन में जाकर अपडेट किये गये अंकों में ऑनलाइन सुधार कर दें।

5. बाह्य परीक्षा में सम्मिलित हुये परीक्षार्थियों के अंक निर्धारित अंतिम तिथि तक ऑनलाइन अपडेट करना सुनिश्चित करें। अपडेट किये गये अंकों को दो प्रतियों में (Foil/Counter Foil) (प्रथम–बाह्य परीक्षक द्वारा हस्ताक्षर की गयी मूल प्रति तथा द्वितीय–कम्प्यूटर पर ऑनलाइन अपडेट की गयी प्रति) संबंधित प्राचार्य द्वारा अग्रेषित की हुयी विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें। इसके अतिरिक्त बाह्य परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के **DISSERTATION** विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करायें।

6. संस्था सचिव द्वारा शपथ–पत्र (जिसमें उल्लेख है कि बाह्य परीक्षा नियमानुसार संपादित की है) भी प्रस्तुत करें, जिसका प्रारूप संलग्न है।

अतः सम्बद्ध शिक्षा महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि वह अनिवार्य रूप से अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2013 तक बाह्य परीक्षा संपन्न कराकर उसके अंक ऑनलाइन अपडेट कर उसकी प्रति विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करायें, जिससे निर्धारित समय–सीमा में परीक्षा परिणाम घोषित करने की कार्यवाही की जा सके। तिथि उपरांत वेबसाइट को बन्द कर दिया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के संस्था सचिव/प्राचार्य का होगा।

C Shinde

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपि–

1. उप/सहायक–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा), जीवाजी वि.वि.,ग्वालियर
2. प्राचार्य/प्राचार्या, शिक्षा महाविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ इस आशय के साथ कि वे बाह्य परीक्षा संपादित करायें।

उप–कुलसचिव (गोपनीय)

// **<u>शपथ–पत्र</u>** //

संस्था का नाम – ....

संस्था सचिव का नाम – ....

पिता का नाम – ....

आयु – ....

संस्था द्वारा संचालित महाविद्यालय का नाम एवं पता – ....

मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि :–

1. यहकि, एम.एड. (सत्र 2011–12) में प्रवेशित परीक्षार्थियों ने 75 प्रतिशत उपस्थिति पूर्ण की है और वे नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित हुये हैं।
2. यहकि, महाविद्यालय ने परीक्षा में सम्मिलित हुये परीक्षार्थियों की बाह्य परीक्षा विश्वविद्यालय ऑर्डीनेंस के अंतर्गत नियमानुसार संपादित की है और परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के ही अंक विश्वविद्यालय भेजे गये हैं।
3. यहकि, विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त किये गये बाह्य परीक्षकों से नियमानुसार परीक्षाएँ आयोजित करवाई हैं।
4. यहकि परीक्षा में सम्मिलित समस्त परीक्षार्थियों के **DISSERTATION** विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत कर दिये गये हैं।

हस्ताक्षर शपथकर्त्ता

// **सत्यापन** //

मैं शपथकर्त्ता (संस्था–सचिव) कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा दी जा रही समस्त जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य से प्राप्त की है। मेरे निजी ज्ञान के अनुसार यह जानकारी सत्य है। यदि इसमें असत्यता पायी जाती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी तथा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा।

हस्ताक्षर शपथकर्त्ता